फर्द अहकाम

राजेन्द्र बनाम राजस्थान सरकार

...ा पत्र संख्या: 308/24

...क	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
...2024	प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र बाबत 136 भू–राजस्व अधिनियम 1956 का पेश किया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया बहस प्रार्थी की प्रार्थना पत्र में सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थी ने निवेदन किया कि राजस्व ग्राम श्योसिंहपुरा पटवार हल्का रामपुराउंती भू. अ. नि. बगरूकंला तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित आराजी खाता संख्या नया 135 व पुराना 133 के खसरा नम्बर 358/823 रकबा 0.05 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 361 रकबा 1.085 हैक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 1.1350 हैक्टेयर स्थित है। जो प्रार्थी के कब्जे खातेदारी की कृषि भूमि रही है। उक्त आराजी प्रार्थी के कब्जे काश्त की भूमि है। प्रार्थीगण अपनी उक्त आराजी के सम्पूर्ण रकबे पर काबिज होकर उपयोग उपभोग कर रहा है। मद नम्बर 1 के पूर्व खातेदार श्रीमती झमरी देवी व नाथी देवी ने तकासमा कर अलग अलग खाता कायम करवाकर नक्शा कायम करवा लिया तथा बाद विभाजन उक्त आराजी को प्रार्थी ने झमरी देवी से क्रय कर लिया। प्रार्थी उक्त आराजी पर बाद क्रय काबिज होकर काश्त करता चला आ रहा है। उक्त आराजी का ऑन लाईन राजस्व नक्शा कायम करते समय राजस्स्व कर्मचारियो द्वारा संहवन से उक्त आराजी के खसरा नम्बर 361 को राजस्व नक्शे में अप्रार्थी संख्या 1 के हिस्से वाली आराजी पर दर्शा दिया गया तथा अप्रार्थी संख्या 1 के हिस्से की आराजी पर प्रार्थी का खसरा नम्बर का दर्शा दिया गया जो कि राजस्व कर्मचारीयो से लिपिकीय / मानवीय त्रुटी के कारण हुआ है जबकि प्रार्थी पूर्व में हुये मनबंट तकासमा के अनुसार दर्ज राजस्व नक्शे के अनुसार काबिज होकर काश्त करता चला आ रहा है। जिसे दुरूस्त किया जाना न्यायहित मे है। उक्त राजस्व नक्शे में हुई त्रुटी बाबत प्रार्थी द्वारा दिनांक 25–0[illegible]–2024 तहसीलदार सांगानेर के समक्ष एक प्रार्थना पत्र पेश किया था जिस पर तहसीलदार महोदय द्वारा न्यायालय के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश किये जाने बाबत अवगत करवाया जिस पर प्रार्थी द्वारा कानूनी राय लेकर यह प्रार्थना पत्र राजस्व नक्शे मे हुई उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय (सांगानेर)	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2025.02.10 14:18:20 IST
Reason: SelfAttested

9.2024

राजेन्द्र बनाम राजस्थान सरकार

प्रार्थना पत्र संख्या: 308/24

अतः प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन है कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया राजस्व ग्राम श्योसिंहपुरा पटवार हल्का रामपुराउंती भू. अ.नि. बगरूकंला तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित आराजी खाता संख्या नया 35 व पुराना 133 के खसरा नम्बर 358/823 रकबा 0.05 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 361 रकबा 1.085 हैक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 1.1350 हैक्टेयर का राजस्व नक्शा पूर्व नक्शे अर्थात खसरा नम्बर 361/1 के स्थान पर खसरा नम्बर 361 व खसरा नम्बर 361 के स्थान पर 361/1 दर्ज किये जाने के आदेश प्रदान करने की कृपा करे।

बहस प्रार्थीगण एवं प्रार्थना पत्र का अवलोकन कराने पर प्रार्थी की ओर से पेश प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाकर तहसीलदार सांगानेर को राजस्व ग्राम श्योसिंहपुरा पटवार हल्का रामपुराउंती भू. अ.नि. बगरूकंला तहसील सांगानेर जिला जयपुर में स्थित आराजी खसरा नम्बर 358/823 रकबा 0.05 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 361 रकबा 1.085 हैक्टेयर का राजस्व नक्शा पूर्व नक्शे अर्थात खसरा नम्बर 361/1 के स्थान पर खसरा नम्बर 361 व खसरा नम्बर 361 के स्थान पर 361/1 दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है।

निर्णय आज दिनांक 10.09.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
जयपुर द्वितीय (सांगानेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Himmat Singh
Date: 2025.02.10 14:18:20 IST
Reason: SelfAttested